## खबर संक्षेप

### अभय कटारे का हुआ निधन



**शहडोल।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अभय कटारे राजा भाईया का गत रात्रि आकस्मिक निधन हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उनका अंतिम संस्कार पचगांव रोड स्थित मुक्तिधाम में शुक्रवार 13 फरवरी को प्रातः 10:00 बजे संपन्न होगा। दिवंगत अभय कटारे राजा जनसंघ के संस्थापक सदस्य स्व. काशीनाथ कटारे के ज्येष्ठ पुत्र एवं नगर पालिका परिषद शहडोल की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला कटारे के पति थे।

### ब्यौहारी पुलिस ने सूझबूझ से बचाई युवक की जान

**शहडोल।** भन्नी गांव में गुरुवार को उस वक्त सनसनी फैल गई जब एक मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक, संतोष सिंह ने आत्मघाती कदम उठाते हुए खेत के गहरे कुएं में छलांग लगा दी। देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई, लेकिन युवक ने बाहर निकलने के बजाय मौत का ऐसा खेल खेला कि करीब दो घंटे तक प्रशासन और ग्रामीणों की सांसें अटकी रहीं। जिद और मौत के बीच का संघर्ष गनीमत रही कि पानी अधिक होने के कारण संतोष डूबा नहीं और एक पत्थर के सहारे बैठ गया। लेकिन जब ग्रामीणों ने उसे बचाने की कोशिश की, तो वह दोबारा पानी में डूबने की धमकी देने लगा। गांव में मचे इस हाईवोल्टेज ड्रामे की सूचना मिलते ही डायल 112 और थाना प्रभारी जिया उल हक दलबल के साथ मौके पर पहुंचे।

थाना प्रभारी बने संकटमोचक जब तमाम कोशिशें फेल हो गईं, तब थाना प्रभारी ने मोर्चा संभाला। उन्होंने भीड़ को दूर कर युवक से आत्मीयता से बात की और उसका भरोसा जीता। टीआई की सूझबूझ और टॉक थेरेपी काम कर गई और युवक सुरक्षित बाहर आ गया। पुलिस की इस तत्परता ने एक हंसते-खेलते परिवार को उजडऩे से बचा लिया। फिलहाल पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है।

## जीतू पटवारी भरेंगे हुंकार, सत्ता के गलियारों में हलचल

# शहडोल की सड़कों पर उतरेगा जन आक्रोश

### रोजगार, किसानों के हक और रेत माफियाओं के आतंक के खिलाफ कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन





**शहडोल।** मध्य प्रदेश की सियासत के तेजतर्रार चेहरा और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी शुक्रवार 13 फरवरी को शहडोल की धरती पर कदम रखने जा रहे हैं। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय अवस्थी के नेतृत्व में आयोजित होने वाली इस जन आक्रोश रैली ने प्रशासन की नींद उड़ा दी है। यह रैली सिर्फ एक राजनीतिक आयोजन नहीं, बल्कि शहडोल जिले की उन तमाम ज्वलंत समस्याओं के खिलाफ एक सीधी जंग है, जिन्हें शासन-प्रशासन की फाइलों में दबा दिया गया है।

### क्यों फूट रहा है जनता का गुस्सा

शहडोल जिला वर्तमान में समस्याओं के चक्रव्यूह में फंसा हुआ है। जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी ने दो टूक शब्दों में कहा है कि जिला प्रशासन और सत्ताधारी दल की तानाशाही अब बर्दाश्त से बाहर है। कांग्रेस इस रैली के माध्यम से निम्नलिखित मुद्दों पर सरकार को कटघरे में खड़ा करेगी, स्थानीय उद्योगों में जिले के युवाओं को दरकिनार कर बाहरी लोगों को प्राथमिकता दी जा रही है। शिक्षित युवा आज अपने ही जिले में काम के लिए भटक रहा है। शहडोल की नदियों का सीना छलनी कर रेत माफिया प्रशासन के संरक्षण में फल-फूल रहे हैं। अवैध उत्खनन पर अंकुश लगाने में सरकार पूरी तरह विफल रही है। शुद्ध पेयजल की उपलब्धता आज भी एक बड़ा सवाल बनी हुई है। जनता गंदा पानी पीने को मजबूर है।

### अंबेडकर चौक से गूंजेगा जयघोष

तय कार्यक्रम के अनुसार, पीसीसी चीफ जीतू पटवारी दोपहर 02 बजे अंबेडकर चौक पहुंचेंगे। यहां से जन आक्रोश का जो सैलाब शुरू होगा, वह शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए जयस्तंभ चौक पर जाकर थमेगा। यह यात्रा शहडोल के इतिहास में कांग्रेस के पुनर्जीवन और सत्ता पक्ष की विफलता के प्रतीक के रूप में देखी जा रही है।

### विशाल आमसभा और आर-पार की जंग

रैली के समापन पर जयस्तंभ चौक पर एक विशाल आमसभा आयोजित की जाएगी। सूत्रों की मानें तो जीतू पटवारी इस सभा में शहडोल के स्थानीय नेताओं और प्रशासनिक भ्रष्टाचार पर तीखा प्रहार करेंगे। सभा के बाद प्रशासन को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा जाएगा, जिसमें चेतावनी दी जाएगी कि यदि जनता की मांगें पूरी नहीं हुईं, तो यह आंदोलन उग्र रूप लेगा।

### वार्ड कमेटियों पर फोकस

इस रैली की सबसे खास बात यह है कि जीतू पटवारी सिर्फ भाषण देकर नहीं लौटेंगे, बल्कि वे वार्ड कमेटियों की बैठकों में भी शामिल होंगे। यह संकेत है कि कांग्रेस आगामी चुनावों के लिए बूथ स्तर पर अपनी किलाबंदी मजबूत कर रही है। शहडोल की जनता तानाशाही और माफिया राज से त्रस्त है। यह रैली प्रशासन को आईना दिखाने का काम करेगी। जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी ने समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं, किसानों, बेरोजगार युवाओं और आम नागरिकों से आह्वान किया है कि कल शुक्रवार को भारी संख्या में अंबेडकर चौक पहुंचें और इस काले शासन के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करें।

## पेंशनरों का हल्लाबोल फिलहाल टला

### सरकार से मिला वार्ता का न्योता, 24 फरवरी का प्रदर्शन स्थगित

**शहडोल।**

अपनी जायज मांगों को लेकर सरकार की नाक में दम करने वाले प्रदेशभर के पेंशनरों ने फिलहाल अपने हथियार म्यान में डाल लिए हैं। वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन जिला शहडोल के अध्यक्ष आर.एल. तिवारी ने स्पष्ट किया है कि मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ संयुक्त राज्य पेंशनर्स फेडरेशन के आह्वान पर 24 फरवरी 2026 को होने वाला प्रदेशव्यापी एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आगामी आदेश तक स्थगित कर दिया गया है।

### क्यों झुकी सरकार?

दरअसल, पेंशनरों की एकजुटता का खौफ ही था कि सरकार को झुकना पड़ा। प्रांताध्यक्ष एडवोकेट राजकुमार दुबे के निर्देश पर कार्यकारी प्रांताध्यक्ष रामनरेश तिवारी जब मांगों का पुलिंदा लेकर भोपाल पहुंचे, तो हलचल मच गई। मुख्यमंत्री के उत्तराखंड प्रवास पर होने के बावजूद उनके विशेष कर्तव्य अधिकारी राजेश वाद्म पाली ने न केवल ज्ञापन लिया, बल्कि मुख्यमंत्री से दूरभाष पर सीधी बात भी कराई।

### 11 मार्च को होगा आर-पार का फैसला

प्रशासनिक गलियारों से मिले 11 मार्च 2026 के मुलाकात के आश्वासन ने फिलहाल आंदोलन की आग को शांत किया है। जिला अध्यक्ष आर.एल. तिवारी ने दो-टूक कहा कि यदि 11 मार्च को मुख्यमंत्री के साथ प्रतिनिधिमंडल की वार्ता बेनतीजा रही, तो पेंशनर फिर से सडक़ों पर उतरकर अपनी ताकत दिखाएंगे। फिलहाल, वरिष्ठ नागरिकों ने सरकार को अपनी मांगों पर विचार करने का आखिरी मौका दिया है।

## बेटी को बोरी में भरकर फेंका, फिर लाश के टुकड़े कर जलाया

# दहेज के दरिंदों ने ममता को किया शर्मसार



**शहडोल।** इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली एक ऐसी रूहकपाऊ घटना सामने आई है, जिसने पूरे अनूपपुर जिले को हिला कर रख दिया है। एक पिता की लाड़ली को सिर्फ इसलिए मौत के घाट उतार दिया गया क्योंकि वह मोटर-साइकिल रूपी दहेज की बलि वेदी पर खरी नहीं उतरी। राजेंद्रग्राम थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बरबसपुर में ससुरालियों ने न केवल नवविवाहिता की बेरहमी से हत्या की, बल्कि साक्ष्यों को मिटाने के लिए उसके शव के टुकड़े-टुकड़े कर उसे जलाने और बोरी में भरकर नाले में फेंकने का जघन्य अपराध किया है।

### मोटरसाइकिल की भूख और जुल्म की इंतहा

ग्राम बहुपुर निवासी पीड़ित पिता बबलू महरा ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में रोंगटे खड़े कर देने वाला खुलासा किया है। उनकी पुत्री राजेशनंदनी उर्फ सुरसा का विवाह वर्ष 2021 में बरबसपुर निवासी रामकुमार महरा के साथ हुआ था। शादी के महज 6 महीने बाद ही पति रामकुमार, ससुर देवशरण, सास जवित्री बाई और देवर रामराज ने अपना असली रंग दिखाना शुरू कर दिया। मायके से मोटरसाइकिल लाने के लिए सुरसा को आए दिन प्रताड़ित किया जाता था। जुल्म की पराकाष्ठा तो देखिए, बेरहम ससुराली सुरसा के मुंह में कपड़ा ठूंसकर उसे तब तक पीटते थे जब तक वह बेहोश न हो जाए। इतना ही नहीं, पति उसे धमकी देता था कि अगर किसी को बताया तो बूटी-बूटी काटकर बोरी में भरकर फेंक देंगे। अफसोस, दरिंदों ने अपनी इस खौफनाक धमकी को हकीकत में बदल दिया।

### बांझपन का ताना और साजिश के तहत हत्या

हाल ही में जब मोटरसाइकिल की किस्त चुकाने और पैसों की मांग को लेकर विवाद बढ़ा, तो पति ने सुरसा पर बच्चा न होने का आरोप लगाकर दूसरी शादी करने की धमकी दी। 20 जनवरी 2026 को आरोपी रामकुमार अपनी पत्नी को जबरन अपने साथ ले गया। 21 जनवरी को सुरसा से आखिरी बार बात हुई, जिसके बाद उसका फोन बंद हो गया। जब पिता और परिजनों ने खोजबीन की, तो ससुराल पक्ष ने गुमराह करना शुरू कर दिया। कभी कहा गया कि वह सो रही है, तो कभी कहा गया कि वह कहीं बाहर गई है।

### जोगी नाला: जहां मिला मौत का मंजर

ग्राम बरबसपुर के पास जोगी नाला में सुरसा की अधजली लाश के टुकड़े मिले। मौके पर पुलिस को मृतका के ताबीज, माला और कपड़ों के अधजले अवशेष मिले। आरोपियों ने पहचान छिपाने के लिए शव को जलाकर टुकड़ों में काटा और बोरी में भरकर नाले के पास फेंक दिया था। पिता ने अपनी बेटी के दांत, खोपड़ी और बालों के अवशेषों से उसकी शिनाख्त की। पीड़ित पिता ने पुलिस महानिरीक्षक से न्याय की गुहार लगाते हुए सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है। यह घटना समाज के माथे पर कलंक है, जो बताती है कि आज भी दहेज की लालच में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं।

# ग्राम पंचायतों के चौकीदारों ने खोला मोर्चा

### कलेक्टर को सौंपा अल्टीमेटम




**शहडोल।** गांवों की सुरक्षा से लेकर सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार तक में अपनी जान झोंकने वाले पंचायत कर्मियों का धैर्य अब जवाब दे गया है। चपरासी (भृत्य) चतुर्थ श्रेणी संघ के बैनर तले जिले के सैकड़ों चौकीदारों, सफाईकर्मियों और पंप ऑपरेटरों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर हुंकार भरी और अपनी बदहाली का कच्चा चि_ा खोलकर रख दिया।

### कलेक्टर दर की मांग

संघ के जिला अध्यक्ष विजय कुमार प्रजापति, उपाध्यक्ष आरती यादव और जिला सचिव रामनारायण साहू ने प्रशासन को चेताया कि ग्राम पंचायतों में तैनात चौकीदार और भृत्य आज भी महज 3 से 4 हजार रुपये के मासिक मानदेय पर काम करने को मजबूर हैं। महंगाई के इस दौर में यह राशि ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। संघ की मुख्य मांग है कि इन सभी अल्पकालिक कर्मचारियों को कलेक्टर दर पर न्यूनतम वेतन निर्धारित कर प्रतिमाह भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

### शोषण और तानाशाही पर फूटा गुस्सा

ज्ञापन में सीधा आरोप लगाया गया है कि ग्राम सरपंच और सचिव व्यक्तिगत द्वेष के चलते बिना किसी कारण के चौकीदारों और सफाईकर्मियों को पद से पृथक कर देते हैं। संघ ने मांग की है कि सेवा से हटाने का अधिकार केवल जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पास होना चाहिए, ताकि स्थानीय राजनीति के कारण

### प्रमुख मांगें जो सरकार की नींद उड़ाएंगी

सभी कर्मचारियों को 21,000 रुपये का श्रम भुगतान किया जाए और उन्हें नियमित कर्मचारी का दर्जा मिले। यूनिफॉर्म और ग्राम पंचायत का बैच नंबर आवंटित हो। वेतन का भुगतान सीधे ष्टश्वह्र के माध्यम से कराया जाए ताकि बंदरबांट रुके। नल-जल चालक और रसोइयों को भी श्रम आयुक्त की दरों पर बढ़ा हुआ वेतन मिले। संघ के पदाधिकारियों ने साफ लहजे में कहा कि वे पिछले 15 वर्षों से सेवा दे रहे हैं, लेकिन आज भी समस्या जस की तस है। यदि अब भी उनकी जायज मांगों पर सुनवाई नहीं हुई, तो आगामी दिनों में यह मौन आक्रोश एक बड़े आंदोलन का रूप ले लेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## 20 साल बाद जागा प्रशासन बकहो में जहर उगलती टंकी बदली गई

**शहडोल। नगर परिषद बकहो के कोतमा रोड (एनएच-43) स्थित पंप हाउस में पिछले दो दशकों से जनता की सेहत के साथ जो खिलवाड़ चल रहा था, उस पर आखिरकार एक अस्थायी मरहम लगाया गया है। 20 साल पुरानी सड़ चुकी टंकी, जो पानी नहीं बल्कि बीमारियाँ सप्लाई कर रही थी, उसे हटाकर नई टंकी स्थापित कर दी गई है। लेकिन सवाल यह है कि क्या सिर्फ टंकी बदल देना काफी है?**

### इंजीनियरिंग का अजूबा या प्रशासनिक अनदेखी

हैरानी की बात है कि इस पंप हाउस की ऊंचाई इतनी कम रखी गई कि सफाई के लिए अंदर जाना भी मुमकिन नहीं था। नतीजा—बरसों तक लोग गंदगी से सराबोर पानी पीने को मजबूर रहे। जनता के भारी दबाव और लगातार दी गई सूचनाओं के बाद, नगर परिषद ने सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक मशक्कत कर नई टंकी तो लगा दी, लेकिन समस्या की जड़ पंप हाउस का ढांचा अब भी जस का तस है।




### अधूरी कार्रवाई से जनता में आक्रोश

सिर्फ टंकी बदलना इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं है। जागरूक नागरिकों ने प्रशासन को दो टूक चेतावनी दी है, पंप हाउस को कम से कम 3 फीट और ऊंचा किया जाए ताकि भविष्य में नियमित सफाई हो सके। पंप हाउस के पास होने वाले जलभराव को रोकने के लिए इसे हाईवे के बगल वाली नाली से जोड़ा जाए। क्या नगर परिषद प्रशासन फिर से उसी गंदगी वाली स्थिति का इंतजार कर रहा है, या इस बार पंप हाउस की ऊंचाई बढ़ाकर स्थाई समाधान निकाला जाएगा? अगर समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो नई टंकी भी जल्द ही पुरानी बीमारी का शिकार हो जाएगी।

## शहडोल में जंगलराज: रेंजर को बंधक बनाकर पीटा

**शहडोल।** जिले में कानून व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए कोल माफियाओं ने एक बार फिर खूनी खेल खेला है। सोहागपुर थाना क्षेत्र के खितौली बीट में जंगल की हिफाजत करने निकले वन अमले पर 30 से अधिक हमलावरों ने जानलेवा हमला कर दिया। माफियाओं की हिमाकत इतनी बढ़ गई कि उन्होंने शहडोल रेंजर राम नरेश विश्वकर्मा सहित पूरी टीम को न केवल घेरा, बल्कि बंधक बनाकर उनके साथ जमकर मारपीट की।

### वर्दी बेबस, माफिया बेखौफ

सोन नदी के किनारे अवैध कोयला खनन का काला खेल लंबे समय से जारी है। जब रेंजर विश्वकर्मा अपनी टीम के साथ इस काले साम्राज्य पर प्रहार करने पहुंचे, तो उन्हें अंदाजा नहीं था कि माफिया पहले से ही घात लगाए बैठे हैं। कार्रवाई के बाद लौट रही टीम को भीड़ ने चारों तरफ से घेर लिया। सूत्रों की मानें तो दो दिन पहले भी इन गुर्गों ने रेंजर को खुलेआम धमकी दी थी, लेकिन प्रशासन की ढिलाई ने उनके हौसले सातवें आसमान पर पहुंचा दिए। नतीजा आज सबके सामने है, रक्षक खुद लहूलुहान हैं।

### क्या अब जंगल बचाने वाले ही बलि चढ़ेंगे?

यह हमला केवल एक टीम पर नहीं, बल्कि जिले के इकबाल पर हमला है। इससे पहले ब्यौहारी में पटवारी और एएसआई को ट्रैक्टर से कुचलकर मार दिया गया था। क्या प्रशासन केवल शोक संवेदनाएं जताने के लिए है, दक्षिण वन मंडलाधिकारी श्रद्धा पंद्रे ने मामले की पुष्टि



करते हुए सोहागपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन सवाल वही है कि क्या पुलिस केवल कागजी खानापूर्ति करेगी या इन सफेदपोश गुर्गों के घर पर बुलडोजर चलेगा। जब तक इन माफियाओं की कमर नहीं तोड़ी जाएगी, तब तक कोई भी सरकारी कर्मचारी फील्ड पर सुरक्षित नहीं है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस कोल सिंडिकेट पर नकेल कसता है या फिर रक्षक यूं ही माफियाओं के आगे घुटने टेकते रहेंगे।

### इनका कहना है...

वनकर्मियों पर हमला बेहद गंभीर विषय है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**सुश्री श्रद्धा पंद्रे**
वन मंडलाधिकारी दक्षिण, शहडोल

वन विभाग की तरफ से एक शिकायत आई है, जिस पर मामलें की जांच करा उचित कार्यवाही की जाएगी।

**अरुण पाण्डेय**
थाना प्रभारी, सोहागपुर

## विवाहिता की आबरू से खिलवाड़, आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल।**

रिश्तों को कलंकित और प्यार के नाम पर विश्वासघात करने वाले एक कलयुगी जालसाज को सिंहपुर पुलिस ने लोहे के चने चबवा दिए हैं। शादी का झांसा देकर एक विवाहिता की अस्मत लूटने वाले आरोपी रामसुफल बैगा को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। ग्राम केलमनिया निवासी आरोपी रामसुफल बैगा ने साल 2022 में एक विवाहिता को अपने प्रेम जाल में फंसाया था। आरोपी की नीयत इस कदर खौफनाक थी कि उसने महिला को उसके पति को छोडऩे तक के लिए मजबूर कर दिया। सात फेरे और उम्र भर साथ निभाने का झूठा वादा कर वह लंबे समय तक महिला का शारीरिक शोषण करता रहा, लेकिन जब जिम्मेदारी निभाने की बारी आई, तो वह अपनी बात से मुकर गया।

सलाखों में पहुंचा आरोपी

पीड़िता की शिकायत पर सिंहपुर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए जाल बिछाया। थाना प्रभारी निरीक्षक एम.एल. राहंगडाले के नेतृत्व में टीम ने घेराबंदी कर 11 फरवरी को आरोपी को दबोच लिया। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई ने क्षेत्र के अपराधियों में कड़ा संदेश दिया है कि महिलाओं के सम्मान से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। निरीक्षक एम.एल. राहंगडाले, उप निरीक्षक आशीष झारिया, प्र.आर. शेषमणि मार्को, आरक्षक आलोक सिंह और हीरालाल महरा की सक्रियता से आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया।

## ईंट भट्टे पर दबिश देकर पुलिस ने जब्त किया 10 क्विंटल कोयला

### घेराबंदी कर जब पुलिस दल ने मरजाद स्थित ठिकाने पर रेड मारी




**बुढ़ार।**

कोयला अंचल में अवैध खनिज का काला कारोबार करने वाले माफियाओं के खिलाफ बुढ़ार पुलिस ने सर्जिकल स्ट्राइक की है। मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस ने ग्राम मरजाद स्थित एक ईंट भट्टे पर अचानक धावा बोलकर भारी मात्रा में अवैध कोयला जप्त किया है। पुलिस की इस आक्रामक कार्रवाई से क्षेत्र के अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार, पुलिस को खबर मिली थी कि दुर्गेश और रवि प्रजापति अपने ईंट भट्टे की आड़ में बड़े पैमाने पर अवैध कोयले का भंडारण कर उसे खपाने की फिराक में हैं। घेराबंदी कर जब पुलिस दल ने मरजाद स्थित ठिकाने पर रेड मारी, तो मौके से 10 क्विंटल अवैध कोयला बरामद हुआ। पुलिसिया पूछताछ में आरोपी रवि प्रजापति 26 वर्ष, निवासी धनपुरी कोयले के स्वामित्व से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका। बुढ़ार पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध बीएनएस एवं खान एवं खनिज अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इस मामले का दूसरा मास्टरमाइंड दुर्गेश प्रजापति फिलहाल पुलिस की गिरफ्त से बाहर है, जिसकी तलाश में टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक विनय सिंह परिहार के नेतृत्व में प्र.आर. चेतराम कौशिक और आरक्षक राजकुमार ने इस पूरी कार्रवाई को अंजाम दिया।

## कक्षा 6वीं और 8वीं की छात्राएं बगावत का झंडा बुलंद कर कलेक्ट्रेट पहुंच गईं।

# मैडम की प्रताड़ना से त्रस्त छात्राओं का कलेक्ट्रेट पर धावा!

**शहडोल। जिले की शिक्षा व्यवस्था और जनजातीय छात्रावासों की मॉनिटरिंग के दावों की हवा उस वक्त निकल गई, जब गोहपारू स्थित सीनियर आदिवासी कन्या आश्रम की कक्षा 6वीं और 8वीं की छात्राएं बगावत का झंडा बुलंद कर कलेक्ट्रेट पहुंच गईं। जब ये छात्राएं सहायक आयुक्त कार्यालय पहुंचीं, तो वहां मौजूद अधिकारियों के भी हाथ-पांव फूल गए।**

### छात्रावास या यातना गृह



छात्राओं ने छात्रावास अधीक्षिका सावित्री एपीआर पर जो आरोप लगाए हैं, वे रोंगटे खड़े कर देने वाले हैं। नन्हीं बच्चियों ने सिसकते हुए बताया कि हॉस्टल अब उनके लिए यातना गृह बन चुका है। वहां उनसे जबरन टॉयलेट साफ कराए जाते हैं, रसोइया की जगह उनसे खाना बनवाया जाता है और मना करने पर जानवरों की तरह पीटा जाता है। सवाल उठता है कि क्या आदिवासी बच्चों को पढ़ाने के नाम पर सरकार उन्हें मजदूर बनाने का लाइसेंस दे रही है।

### आश्वासन पर टिकीं नजरें

मामला तूल पकड़ते ही सहायक आयुक्त आनंद राय सिन्हा ने जांच की फाइल खोल दी है। उन्होंने सख्त कार्रवाई का भरोसा तो दिया है, लेकिन सवाल वही है कि क्या जांच की आंच सफेदपोश अधीक्षिका तक पहुंचेगी, 50 किलोमीटर की यह पैदल यात्रा प्रशासन के गाल पर एक जोरदार तमाचा है। यह सफर केवल सडक़ पर नहीं, बल्कि उस सिस्टम के खिलाफ था जो इन मासूमों को सुरक्षा और शिक्षा देने में नाकाम रहा। अब देखना यह होगा कि सहायक आयुक्त महोदय अपने आश्वासन पर कितने खरे उतरते हैं। क्या दोषियों को बर्खास्त किया जाएगा या फिर जांच के नाम पर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा? जिले की जनता अब न्याय चाहती है, खोखले वादे नहीं।

## खबर संक्षेप

### 18 फरवरी को जिला स्तर पर जिला गणना समन्वय समिति की बैठक

**उमरिया।** जनगणना 2027 के कार्य एवं गतिविधियों के सुचारू एवं सफल संचालन एवं पर्यवेक्षण हेतु जिला स्तर पर जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक का आयोजन 18 फरवरी को समय 4 बजे नियत किया गया है। जनगणना 2027 कार्य हेतु आशीष कुमार श्रीवास्तव एवं अजय सिंह जनगणना निदेशालय भोपाल को प्रशिक्षक नियुक्त किया गया है। उन्होाने कहा है कि जनगणना 2027 की कार्य संपादन हेतु बैठक नियत तिथि एवं समय पर कलेक्ट्रेट सभागार में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करे।

### 16 फरवरी को जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक

**उमरिया।** खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण की रोकथाम, नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया गया है । जिले में खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के रोकथाम , नियंत्रण हेतु 16 फरवरी को समय सीमा की बैठक पश्चात दोपहर 12 बजे से कलेक्टर सभागार में आहूत की गई है । बैठक में सर्व संबंधितों से उपस्थिति की अपेक्षा की गई है ।

### कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल का भ्रमण कार्यक्रम



**बिजुरी।** मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल 13 फरवरी को प्रातः 10:40 बजे बिजुरी से ग्राम बैहाटोला के लिए प्रस्थान करेंगे तथा प्रातः 11:00 बजे ग्राम पंचायत बैहाटोला पहुंचेंगे एवं मंगल भवन के भूमिपूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। दोपहर 12:40 बजे ग्राम बैहाटोला से कोतमा के लिए प्रस्थान करेंगे। दोपहर 1:00 बजे ठाकुर बाबा धाम, मंगल भवन, कोतमा पहुंचेंगे एवं आदित्य सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर, स्वास्थ्य परीक्षण एवं सलाह, नेत्र परीक्षण, दवा वितरण तथा चश्मा वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। दोपहर 2 बजे वार्ड क्र. 03, पुराना हॉस्पिटल भवन, कोतमा पहुंचेंगे एवं शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के लोकार्पण कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। दोपहर 3 बजे कोतमा से बिजुरी के लिए प्रस्थान करेंगे। दोपहर 3:30 बजे निज निवास बिजुरी पहुंचेंगे तथा अन्य स्थानीय कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे एवं रात्रि विश्राम करेंगे शेष कार्यक्रम पृथक से जारी किया जाएगा।

### मोटर पंप चोरी के आरोपी को बिजुरी पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बिजुरी।** 09 फरवरी को फरियादी राजेन्द्र कुमार साहू पिता संतोष साहू उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम तरसिली का उस्थित थाना आकर जुवानी रिपोर्ट दर्ज कराया कि 09 फरवरी के दोपहर करीब 12.00 बजे कोठी से उमरदा मुख्य सड़क पर पुल के किनारे कोठी मे नहर मे मेरा सिंचाई का किसान क्राउन कंपनी का लाल रंग का वाटर पेट्रोल पंप कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गया है फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध धारा 303(2) बीएनएस का कायम कर अनुसंधान मे लिया गया। बिजुरी पुलिस टीम द्वारा ग्राम तरसिली से संदिग्ध व्यक्ति रमेश साहू उर्फ कल्लू पिता रामधारी साहू उम्र 31 वर्ष निवासी तरसिली को पकडा गया जिसने हिकमत अमली से पूछताछ पर 09 फरवरी को दोपहर 12.00 बजे कोठी उमरदा मुख्य सडक पर नहर के पास बने पुल नाला के पास से क्राउन कंपनी का लाल रंग का वाटर पेट्रोल पंप चोरी करना बताया और चोरी का मोटर पम्प बरामद कराया जिसे पुलिस ने ज़ब्त कर आरोपी रमेश साहू को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक विकास सिंह, सउनि प्रदीप अग्निहोत्री, प्र.आर. ईश्वर यादव, आर. लक्षमण डांगी, आर. विश्वजीत मिश्रा, आर. राकेश चौहान की विशेष उल्लेखनीय भूमिका रही ।

# सीइओ जिला पंचायत ने निर्माणाधीन पंचायत भवनों का किया औचक निरीक्षण







### कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश

**उमरिया।** सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने करकेली विकासखंड के कौडिय़ा 63, ग्राम गोपालपुर तथा ग्राम मजमानी कला औचक निरीक्षण किया। कौडिया 63 में 37.5 लाख रूपये की लागत से निर्मित हो रहे नवीन पंचायत भवन का औचक निरीक्षण किया, जिसमे कार्य धीमी गति से होना पाया गया । जिस पर सीईओ जिला पंचायत ने कार्य में तेजी लाते हुए समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होने पीएम जन मन आवास योजना के आवासों का निरीक्षण भी किया तथा हितग्राहियों से रूबरू चर्चा करते हुए उन्हें समय सीमा में कार्य पूर्ण करने की बात कही। ग्राम गोपालपुर में 37.5 लाख रूपये की



लागत से बन रहे निर्माणाधीन पंचायत भवन का कार्य निरीक्षण के दौरान पूर्णता पर पाया गया। इसी तरह ग्राम मजमानी कला में भी निर्माणाधीन नवीन पंचायत भवन का औचक निरीक्षण किया , जिसका कार्य फिनिसिंग कि स्थिति में पाया गया। सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने सचिवों से कहा कि पात्र हितग्राहियों को भारत सरकार एवं राज्य शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं एवं उन योजनाओं में जिनके लक्ष्य निर्धारित हैं, लक्ष्य अनुरूप लाभ एवं शासन द्वारा प्रदाय की जा रही सेवाओं का लाभ प्रदान करने के लिए प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु शासन द्वारा संकल्प से समाधान अभियान संचालित किया जा रहा है। संकल्प से समाधान योजना का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करते हुए प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निराकरण करें ।

# आज से हाई स्कूल की परीक्षा

**उमरिया।** जिला शिक्षा अधिकारी आर.एस.मरावी ने बताया कि हाई स्कूल की परीक्षाएं 13 फरवरी से प्रारंभ होगी जो 6 मार्च तक चलेगी। परीक्षा का समय प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि 13 फरवरी को उर्दू, 14 फरवरी को नेशनल स्किल्स क्वालीफिकेशन फ्रेम वर्क के समस्त विषय एवं आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, 17 फरवरी को अंग्रेजी, 19 फरवरी को संस्कृत, 20 फरवरी को मराठी, गुजराती, पंजाबी, सिंधी, मूक बधिर तथा दृष्टिहीन छात्रो के लिए , चित्रकला, गायन वादन, तबला पखावज, कम्प्यूटर, 24 फरवरी को गणित स्टैण्डर्ड, गणित बेसिक, 27 फरवरी को विज्ञान, 2 मार्च को सामाजिक विज्ञान, 6 मार्च को हिंदी की परीक्षा आयोजित होगी। उन्होंने कहा है कि समस्त परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र पर प्रातः 8 बजे तक उपस्थित होना अनिवार्य होगा। परीक्षा प्रारंभ होने के निर्धारित समय से 15 मिनट पूर्व के पश्चात किसी छात्र को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

परीक्षाकाल में शासन द्वारा यदि कोई सार्वजनिक अथवा स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है, तो भी परीक्षायें यथावत कार्यक्रमानुसार सम्पन्न होगी। नियमित परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षायें उनके विद्यालय में एवं स्वाध्यायी छात्रों की प्रायोगिक परीक्षायें उन्हें आवंटित परीक्षा केन्द्र पर 10 फरवरी से 10 मार्च के मध्य संचालित की जाएगी। इनकी तिथियां तथा समय ज्ञात करने के लिये प्राचार्य / केन्द्राध्यक्ष से संपर्क स्थापित रखा जावे। आवश्यकता पडने पर प्रायोगिक परीक्षायें अवकाश के दिनों में भी आयोजित की जा सकेगी। समस्त परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रात. 8.30 बजे उपस्थित होना अनिवार्य होगा। परीक्षा कक्ष में प्रातः 8.45 बजे के पश्चात किसी भी छात्र को प्रवेश नही दिया जावेगा। परीक्षा प्रारम्भ होने के 10 मिनिट के (प्रातः 8.50 बजे से) पूर्व छात्रों को उत्तर पुस्तिका एवं 05 मिनिट के (प्रातः 8.55 बजे से) पूर्व प्रश्न-पत्र दिये जायेंगे। मण्डल, आवश्यकता होने पर तिथि एवं समय में कभी भी बिना पूर्व सूचना के परिवर्तन कर सकता है, किन्तु संचार माध्यमों से संसूचित करेगा।



# बूथों मे खिलाई जा रही एमडीए की दवा

**उमरिया।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा व्ही एस चंदेल ने बताया कि सामूहिक दवा सेवा अभियान के सफल संचालन के लिए पाली मे एमडीए अभियान के तहत फायलेरिया दवा का सेवन कराया जा रहा है। अभियान के तहत बूथो पर दवा का सेवन कराया जा रहा है । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा व्ही एस चंदेल ने बताया कि 13 को मापअप राउण्ड बूथ पर छूटे हुए लोगों को दवा खिलाई जावेगी। 14 फरवरी से 20 फरवरी तक दल द्वारा घर-घर जाकर दवा का सेवन कराया जाएगा। 21 फरवरी से 24 फरवरी तक, मापअप राउन्ड के तहत छूटे हुए लोगों को दवा का सेवन कराया जाना है।

# चार श्रम कानून के विरोध में संयुक्त मोर्चा की एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल



### एसईसीएल की 12 खदानों के उत्पादन और कोल डिस्पैच का काम हुआ प्रभावित

**कोतमा।** आगामी दिनों लेबर कोड बिल के लागू होने की संभावनाओं में गुरुवार को कोयलांचल क्षेत्र के श्रम संगठनों की संयुक्त मोर्चा की एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल रही। जिसमें चार श्रम कानून के वापस लेने की मांग पर एटक, एचएमएस, इटंक और सीटू श्रम संगठन के पदाधिकारी कार्यकर्ता कोयला खदानों के प्रवेश द्वार पर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। इस राष्ट्रव्यापी एक दिवसीय हड़ताल में बीएमएस ने हड़ताल से दूरी बनाई है। हड़ताल को सफल बनाने सुबह से ही हड़ताल में शामिल श्रम संगठन कोयला खदानों के काम से दूरी बनाते हुए हड़ताल पर बैठे रहे। साथ ही काम पर आने वाले मजदूरों को भी काम का बहिष्कार करवाते हुए खदान से दूर रखे हुए थे। मजदूरों के हड़ताल पर जाने से एसईसीएल की जमुना कोतमा क्षेत्र के साथ हसदेव उपक्षेत्र की लगभग 12 कोयला खदानें प्रभावित हुई है। मजदूरों के अभाव में ना तो कोयला का उत्पादन हो सका है और नहीं परिवहन किया जा सका है। आंकड़ों में देखा जाए तो अनूपपुर जिले में संचालित 18 कोयला खदानों में वर्तमान में 12 ही कोयला उत्पादन का काम कर रहे हैं। इनमें जमुना कोतमा क्षेत्र की दो और हसदेव उपक्षेत्र की लगभग 10 कोयला खदानें शामिल हैं। इनमें हसदेव उपक्षेत्र में रोजाना लगभग 8164.02 टन कोयला उत्पादन होता है। श्रम संगठनों की संयुक्त मोर्चा के अनुसार चार लेबर बिल अंतर्गत श्रमिक संगठनों को हड़ताल से पहले एएलसी को ज्ञापन देकर जानकारी देना होगा, जब तक एसिस्टेंट लेबर कमिश्नर के यहां सुनवाई चलेगी तब तक श्रमिक संगठनों द्वारा हड़ताल नहीं किया जा सकता। अगर इस दौरान हड़ताल किया जाता है तो जेल और जुर्माना दोनों का प्रावधान होगा, कंपनियों द्वारा आवश्यकतानुसार विभिन्न कामों पर जब तक आवश्यकता होगी तब तक कामों मे रखा जाएगा जब जरुरत खत्म हो जाएगी श्रमिक को काम से हटा दिया जाएगा, श्रमिक संगठनों को अद्योगिक वार्ता में हिस्सा लेने के लिए 51 फीसदी मेंबरशिप आवश्यक होगी, जिसके पास मेंबरशिप इससे कम होगी उक्त श्रमिक संगठन में से जिस भी श्रमिक संगठन के पास 51 फीसदी मेंबरशिप होगी प्रबंधन उक्त श्रमिक संगठन से वर्ष कमेटी बनाकर अद्योगिक वार्ता करेगी। हालांकि 12 फरवरी को श्रम संगठनों की प्रस्तावित एक दिवसीय हड़ताल को देखते हुए उप क्षेत्रीय प्रबंधक कुरजा, बिजुरी, बहेराबांध ने कुरजा उप क्षेत्रीय कार्यालय में पांचों श्रमिक संगठनों की संयुक्त सलाहकार समिति की बैठक बुलाते हुए हड़ताल न करने का किया अनुरोध जेसीसी सदस्यों से किया। लेकिन सदस्यों ने मनाही कर दी। परिणाम बुधवार को बीपीएम के कामगारों की उपस्थिति 536 थी जो गुरुवार की प्रथम पाली में उपस्थिति मात्र 43 मैन पावर रही है। जमुना कोतमा क्षेत्र अंतर्गत आमाडांड बरतराई खदान के गेट पर भी नारेबाजी की गई। संयुक्त यूनियन इंटक, एचएमएस, सीटू, एटक यूनियनों के लोग बरतराई खदान सभी यूनियन के सदस्य शामिल थे। क्षेत्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष इंटक अनूप कुमार त्रिपाठी, मोहम्मद इकरार राम सिंह, उत्तम तिवारी, तेजभान पांडेय, दीप नारायण प्रजापति, रोहित गुप्ता, रामाधार केवट, गंगाराम त्यागी, रघुवर प्रसाद साकेत सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

# मनमानी पर उतारू ठेकेदार, करवाया गया गुणवत्ताविहीन सड़क का निर्माण कार्य

### वार्डवासियों में स्थानीय प्रशासन के प्रति जमकर नाराजगी

**कोतमा।** नगर में जर्जर सड़कों की मरम्मत का कार्य नगर पालिका अध्यक्ष एवं सीएमओ के द्वारा मुख्यमंत्री कायाकल्प योजना के तहत सात महीने पहले करवाया जाना था लेकिन ठेकेदार के द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष की मंसा पर पानी फेरने का कार्य किया गया। डामरीकृत सड़क का निर्माण कार्य बारिश के पूर्व पूर्ण कर दिया जाना चाहिए था लेकिन ठेकेदार अपनी मनमानी पर उतारू होते हुए नगर के पुरानी बस्ती अग्रवाल पेट्रोल पंप के सामने से जखीरा चौक तक जाने वाली सड़क में डामरी करण युक्त सड़क का निर्माण कार्य बारिश के मौसम मे करवाया गया था जो पूरी तरह से गुणवत्ता विहीन कार्य करवाया गया था जिसके कारण वार्ड वासियों में गुस्सा देखा जा है।

#### दस लाख की सड़क

नगर पालिका अध्यक्ष अजय सराफ, सीएमओ प्रदीप झारिया के द्वारा पार्षद की मांग पर जर्जर सड़क के मरम्मत कार्य करवाये जाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री कायाकल्प योजना के तहत लगभग 10 लाख रुपए की लागत से पुरानी बस्ती अग्रवाल पेट्रोल पंप के सामने से जकीरा चौक तक डामरी करण का कार्य करवाते हुए सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया गया था ठेकेदार के द्वारा बजरी के साथ हल्का डामर का लेप लगाते हुए एक लेयर सड़क का निर्माण कार्य करवाया गया था जिसके कारण स्थानीय रहवासियों के साथ ही आवागमन करने वालो को परेशानी का सामना करना पड़ता था।



#### होती है दुर्घटना

डामरीकरण सड़क से छोटी-छोटी गिट्टी सड़क पर बिखर गई है जिसके कारण दो पहिया वाहन चालक आए दिन दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं जिसके कारण लोगों में नाराजगी देखी जा रही है।

#### ठेकेदार की मनमानी

सरकारी आंकड़ों में 15 जून से मानसून की शुरुआत हो जाती है और ऐसे में डामरीकरण सड़क का निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता लेकिन ठेकेदार के द्वारा शासन एवं नगर पालिका अध्यक्ष की मंसा पर पानी फेरते हुए आधी गुणवत्ता विहीन अधूरी सड़क का निर्माण कार्य बारिश के मौसम मे किया गया जिसके कारण सड़क उखड़ने लगी और वार्डवासियों में स्थानीय प्रशासन के प्रति जमकर नाराजगी बनी हुई थी।

#### उखडवाई गई थी सड़क

मुख्यमंत्री अधो संरचना के तहत करवाए गए गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य को देखते हुए बारिश के समय नगर पालिका अध्यक्ष अजय सरफ के द्वारा जेसीबी मशीन से सड़क उखाड़वा दी गई थी और यह कहा गया था की बारिश का मौसम समाप्त होते ही दोबारा से सड़क का निर्माण कार्य ठेकेदार के माध्यम से शुरू करवाया जायेगा।

#### नोटिस तक सीमित

नगर पालिका के द्वारा ठेकेदार को चार बार सडक निर्माण कार्य करने के संबंध मे नोटिस दी जा चुकी है लेकिन अभी तक ठेकेदार के द्वारा डामरीकृत सड़क का निर्माण कार्य शुरू नही किया गया। बताया जाता है कि जिस ठेकेदार के माध्यम से मुख्यमंत्री काया कल्प योजना के तहत निमार्ण का जिम्मा सौंपा गया था वह सता पक्ष के एक जिम्मेदार पद पर आसीन हैं वावजूद इसके मुख्यमंत्री की योजना पर पानी की तरह मंशा फेरने पर उतारू है। इन महाशय के द्वारा नगर मे कायाकल्प योजना के तहत सड़क निर्माण कार्य करवाया गया था वह बनते ही उखड़ने लगी है। नागरिकों ने नगर पालिका के जिम्मेदारों से ठेकेदार पर कार्यवाही करते हुए उसे ब्लैक लिस्ट करने की मांग की है।

# श्याम लाल सेन बने विधायक प्रतिनिधि, नगर परिषद अमरकंटक में मिली महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

**अमरकंटक। नगर परिषद अमरकंटक के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं मंडलम अध्यक्ष श्याम लाल सेन को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। पुष्पराजगढ़ के विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को ने उन्हें अपना अधिकृत प्रतिनिधि बनाते हुए नगर परिषद से जुड़े कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी है। इस नियुक्ति के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है।**



श्याम लाल सेन लंबे समय से कांग्रेस संगठन से सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। वे पूर्व में नगर परिषद अमरकंटक के पार्षद भी रह चुके हैं और क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर सदैव सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। संगठनात्मक अनुभव, जनसंपर्क और सामाजिक सक्रियता को देखते हुए विधायक द्वारा उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने पर नगर परिषद अध्यक्ष पार्वती सिंह, उपाध्यक्ष रज्जू सिंह नेताम, धनंजय तिवारी, देवानंद खत्री, शक्ति शरण पांडे, जोहनलाल चंद्रवंशी, देवेंद्र जैन, वीरू तंबोली, उषा बाई, मनोज जैन, विनायक द्विवेदी सहित नगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। कांग्रेसजनों ने विश्वास जताया कि श्याम लाल सेन के अनुभव और सक्रिय नेतृत्व से नगर परिषद अमरकंटक में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी तथा आमजन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### विद्युत प्रकरणों के संबंध में हुई अधिकारियों की बैठक

**कटनी।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं जितेन्द्र कुमार शर्मा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कटनी के मार्गदर्शन में 14 मार्च को जिला न्यायालय एवं समस्त तहसील सिविल न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में विद्युत प्रकरणों का निराकरण कराये जाने के उद्देश्य से कटनी जिले के विद्युत विभाग के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिकारियों के साथ जिला न्यायालय कटनी के कॉफरेंस हॉल में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में गोपेश गर्ग विशेष न्यायाधीश (विघुत) न्यायालय के द्वारा विद्युत विभाग के अधिकारियों से वन टू वन चर्चा कर राजीनामा योग्य प्रकरणों की जानकारी ली गई। एवं अधिक से अधिक संख्या में पक्षकारों को सूचना-पत्र जारी किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। ताकि पक्षकार नेशनल लोक अदालत का लाभ उठा सकें। इस अवसर पर सुमित शर्मा, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हर्षित बिसेन जिला विधिक सहायता अधिकारी सहित विद्युत विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### पर्यावरण संरक्षण जागरूकता के लिए मॉडलों की लगाई प्रदर्शनी

**कटनी।** शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी में प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन और प्रभारी डॉ. रीना मिश्रा के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ऐपको द्वारा प्रायोजित था, जिसके अंतर्गत छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न विषयों पर आकर्षक मॉडल तैयार किए और एक प्रभावशाली प्रदर्शनी लगाई। प्रदर्शनी में ग्रीनहाउस इफेक्ट, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, पवन चक्की, क्लाइमेट चेंज, वृक्षारोपण तथा प्रदूषण नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण विषयों को मॉडलों के माध्यम से दर्शाया गया। छात्राओं ने इन मॉडलों के जरिए पर्यावरण के प्रति अपनी जागरूकता और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। महाविद्यालय की समस्त छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों ने इस प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा छात्राओं द्वारा दिए गए पर्यावरण संरक्षण के संदेश को सराहा। प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारी नैतिक जिम्मेदारी और कर्तव्य है। उन्होंने सभी को अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग, पेड़-पौधे लगाना, प्रदूषण मुक्त वाहनों का उपयोग तथा प्लास्टिक मुक्ति जैसे व्यावहारिक कदम उठाने की अपील की। उन्होंने छात्राओं के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी ही पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सबसे बड़ा बदलाव ला सकती है।

### 28 जल स्त्रोतों एवं 57 ट्यूबवेल का क्लोरीनेशन एवं सुधार कार्य

**कटनी।** नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए नगर निगम प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत वार्डो में पेयजल स्त्रोतों से रोजाना प्रदाय किये जाने वाले जल का परीक्षण लगातार किया जा रहा है। इस अभियान के तहत विभागीय अधिकारी कर्मचारी वार्डो का दौरा कर वार्ड वासियों से शुद्ध पेयजल उपलब्धता के सम्बंध में पूछताछ कर जल नमूना एकत्रित किया जाकर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। अभियान के तहत नगरीय क्षेत्रों के विभिन्न जल स्त्रोतों पानी की टंकी, ट्यूबवेल, संपवेल का जल का परीक्षण किया जा रहा है और पेयजल स्त्रोतों का क्लोरीनेशन भी किया जा रहा है। इसके अलावा निगम प्रशासन द्वारा शुद्ध पेयजल आपूर्ति के मद्देनजर अब तक कुल 28 पानी की टंकी, ओवरहेड टैंक एवं सम्पवेल की सफाई के अलावा 57 ट्यूबवेल का सुधार कार्य कराया जा चुका है। वहीं 498 से अधिक लीकेज संबंधी समस्याओं पर तत्परता के साथ कार्यवाही की जा चुकी है। कार्यपालन यंत्री जल प्रदाय शाखा श्री सुधीर मिश्रा ने बताया कि जल का नमूना लिया जाकर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया।

## स्कूलों से खाद्यान्न एवं सिलेण्डरों की करते थे चोरी, सभी बदमाशों को भेजा गया जेल

# शातिर चोर गिरोह के 5 सदस्यों को पुलिस ने पकड़ा, पांच सिलेण्डर किये गये बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

विद्यालयों से खाद्यान्न एवं गैस सिलेण्डर चोरी करने वाले गिरोह के 5 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। पुलिस के अनुसार 6 नवंबर 2025 को देवराखुर्द निवासी अर्चना तिवारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि प्राथमिक स्कूल देवराखुर्द से अज्ञात चोरों ने 05 गैस सिलेंडर और राशन सामग्री पार कर दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की, लेकिन तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिरों की मदद से सफलता तब मिली जब कुठला पुलिस ने एक गिरोह को पकड़ा।

कुठला पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने एन.के.जे. क्षेत्र के स्कूलों में भी चोरी करना स्वीकार किया। इसके बाद एन.के.जे. पुलिस ने न्यायालय से अनुमति लेकर आरोपियों को रिमांड पर लिया और सघन पूछताछ की।

### इन बदमाशों की हुई गिरफ्तारी

पुलिस ने इस मामले में कुठला थाना क्षेत्र के रहने वाले निम्नलिखित आरोपियों को



गिरफ्तार किया है जिनमें संदीप काछी 27 वर्ष निवासी छैघरा, कुती उर्फ सलोक कुमार कुशवाहा निवासी जोबीकला, मंजू उर्फ जयदेव पटेल निवासी जोबीकला, मनोज उर्फ रोहित यादव निवासी छैघरा एवं शनि दाहिया निवासी कछगवां शामिल है जबकि मामले का एक अन्य आरोपी करिया आदिवासी फिलहाल पुलिस की गिरफ्त से बाहर है, जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए 05 गैस सिलेंडर बरामद किए हैं। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

### जिले भर में चलाया विशेष अभियान, 98 हजार रूपए की देशी एवं अंग्रेजी शराब जब्त

नशे के अवैध कारोबार की रोकथाम लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में संचालित विशेष अभियान ऑपरेशन शिकंजा के अंतर्गत 10 फरवरी को कटनी पुलिस द्वारा जिलेभर में एक साथ व्यापक एवं सघन कार्रवाई की गई। इस विशेष अभियान के दौरान जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में गठित पुलिस टीमों ने अवैध देशी एवं विदेशी शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं विक्रय में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध ताबड़तोड़ दबिश दी। कार्रवाई के दौरान विभिन्न संदिग्ध ठिकानों से भारी मात्रा में अवैध शराब, कच्ची मदिरा तथा शराब निर्माण में प्रयुक्त उपकरण एवं सामग्री नष्ट की गई।

अभियान के दौरान जिले भर में पुलिस द्वारा 67 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया जिनके पास से 117 लीटर देशी एवं अंग्रेजी शराब जब्त की गई। इसके अलावा 67 लीटर कच्ची शराब भी बरामद की गई। जब्त की गई शराब की कीमत करीब 98 हजार रूपए आंकी गई है। सभी मामलों में आरोपियों के विरुद्ध मप्र आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई करते करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि उन्हें कहीं भी अवैध शराब अथवा अन्य नशीले पदार्थों के निर्माण, बिक्री या परिवहन की जानकारी प्राप्त हो तो तत्काल नजदीकी थाना अथवा पुलिस कंट्रोल रूम को सूचित करें।



### समर्पण दिवस के रूप में मनाई पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलौड़ी

सिलौंडी मंडल के दशरमन में पंडित दीन दयाल की पुण्य तिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया जिसमें बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह मुख्य वक्ता के रूप में पंडित दीन दयाल के विचारों और सामाजिक कार्यों पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय,मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी , जिला मंत्री डॉक्टर प्रशांत राय, वरिष्ठ राजा चौरसिया ने भी संबोधित करते हुए पंडित दीन दयाल के कार्यों पर विचार प्रकट किया।

इस दौरान पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुरेश राय ,सरपंच सीमा भरत शुक्ला ,सरपंच अनिल सिंह बागरी, मंडल उपाध्यक्ष सोनू दुबे ,अरविंद तिवारी, सदन तिवारी,विनोद राय ,आनंद साहू , संतोष असाटी ,संत असाटी , सूर्य प्रकाश मिश्रा ,सोनू गौतम ,धीरज जैन आदि रहे।

### ग्राम करेला में मनाया गया दीनदयाल की पुण्यतिथि

**बरही।** तहसील अंतर्गत भाजपा मंडल खितौली के शक्ति केंद्र करेला में एकात्म मानववाद, अंत्योदय के प्रणेता प्रखर राष्ट्रवादी और महान विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई गई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए कार्यक्रम प्रारंभ किया गया,जिसमें मंडल अध्यक्ष मनोज तिवारी, ने प्रस्तावना रखते हुए कार्यक्रम को प्रारंभ किया, जिले से



नियुक्त वक्ता के रूप में रामलाल गुप्ता ने विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं कार्यक्रम के दौरान समर्पण निधि के रूप में रामलाल गुप्ता ने 2000 रुपये का चेक, मदनलाल जायसवाल ने 1100 रूपए का चेक मंडल अध्यक्ष को सौंपा। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता फुद्दू लाल यादव , सुनील मिश्रा,अमर सिंह मदन जायसवाल,संजू गुप्ता, रोहित गर्ग,एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

*हर्बल गुलाल स्वच्छ पर्यावरण एवं महिला सशक्तिकरण का प्रतीक*

## बिचपुरा गांव की बेटियों ने हर्बल गुलाब से बदली होली की तस्वीर, मिलने लगे आर्डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कभी सीमित संसाधनों और बाजार की जानकारी के अभाव में घर की चौखट तक सिमटी रहने वाली ग्राम बिचपुरा की महिलाएं आज अपनी मेहनत से न सिर्फ प्राकृतिक रंग तैयार कर रही हैं, बल्कि ग्रामीण आजीविका की नई पहचान भी बना रही हैं। विकासखंड बड़वारा अंतर्गत जीवन अमृत संकुल स्तरीय संगठन से जुड़ी चार स्व सहायता समूह—अभि, राघव, रागिनी और मानवी—की 9 महिलाओं ने "होली के रंग आजीविका के संग" अभियान को आत्मनिर्भरता की मिसाल बना दिया है।शुरुआत छोटे कदम से प्रारंभ में महिलाओं को न तो बाजार की समझ थी और न ही उत्पाद बेचने



का अनुभव। जिला पंचायत की अजीविका मिशन प्रशिक्षण मिला, पैकेजिंग की जानकारी दी गई और धीरे-धीरे उन्होंने अरारोट, हल्दी, चुकंदर, पालक व गुलाब जैसी प्राकृतिक सामग्री से केमिकल मुक्त हर्बल गुलाल बनाना शुरू किया। पहले घर-घर जाकर बिक्री की, फिर हाट-बाजार तक पहुंच बनाई और अब सोशल मीडिया के माध्यम से भी ऑॅर्डर मिलने लगे हैं।

सुरक्षित रंग, सशक्त महिलाएंइन महिलाओं द्वारा बनाया गया गुलाल न केवल त्वचा, आंख और सांस के लिए सुरक्षित है, बल्कि पर्यावरण को भी नुकसान नहीं पहुंचाता। बच्चों और बुजुर्गों के लिए उपयुक्त यह हर्बल गुलाल आज स्थानीय बाजार में खास पहचान बना चुका है।बढ़ी आमदनी, बढ़ा आत्मविश्वासजहां पहले महिलाएं घरेलू खर्चों के लिए दूसरों पर निर्भर थीं, वहीं अब होली के मौसम में अभी से मिल रहे एडवांस आर्डरो की वजह से हजारों रुपये की अतिरिक्त आय अर्जित कर रही हैं। सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि अब वे आत्मविश्वास से बाजार में अपनी बात रखती हैं, ग्राहक से संवाद करती हैं और भविष्य की योजनाएं स्वयं बना रही हैं।एक पहल, कई बदलाव सेमहिलाओं को रोजगार मिलापर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलासुरक्षित होली का संदेश फैलागांव में उद्यमिता की सोच विकसित हुई।

आज बिचपुरा की ये महिलाएं साबित कर रही हैं कि यदि सही मार्गदर्शन और अवसर मिले, तो ग्रामीण महिलाएं भी नवाचार और मेहनत से अपनी पहचान गढ़ सकती हैं।हर्बल गुलाल केवल रंग नहीं — यह है स्वास्थ्य, स्वच्छ पर्यावरण और महिला सशक्तिकरण का प्रतीक।

### बहोरीबंद विकासखंड में हितग्राहियों को दी गईं मुर्रा भैंसें



मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना के तहत बहोरीबंद विकासखंड के पशु पालको का सपना साकार हो रहा है। पशु पालक को योजना के वित्तीय सहायता मिल रही है जिस कारण पशु पालक अच्छी नस्ल की भैस लाकर दुग्ध उत्पादन से आमदनी कर सकते है। पशु ओषधालय कार्यालय बहोरीबंद में बहोरीबंद के पांच हितग्राहियों को मुर्रा भैंस प्रदान की गईं। जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, एसडीएम राकेश चौरसिया ने पशु पालको को फूल माला पहनाकर मुर्रा भैंस प्रदाय की। विकासखंड पशु चिकित्सा अधिकारी नेहा सुरेश्वर ने बताया कि मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना के तहत विकासखंड बहोरीबंद के चयनित हितग्राही श्रीराम मेहरा ग्राम कूड़ा खुर्द,राकेश कुमार यादव ग्राम सलैया एवं बहोरीबंद से नरेश यादव, अज्जू यादव एवं रेखा दुबे को दो-दो मुर्रा भैंस प्रदान की गईं। उक्त मुर्रा भैंसे हरियाणा करनाल से मँगाई गईं। योजना के तहत एससी /एसटी हितग्राहियो को 75 प्रतिशत सब्सिडी ओर पिछड़ा वर्ग के हितग्राहियो को 50 प्रतिशत सब्सिडी मिल रही है। इस दौरान विकासखंड पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ नेहा सुरेश्वर, डॉ जयकुमार केवट, एस एस पटेल,सी एस बर्मन एवं पशु सखी संगीता लोधी एवं अन्य मैत्री जन उपस्थित रहे। योजना का सफल संचालन उपसंचालक डॉ आर के सोनी के मार्गदर्शन में किया गया।

## चिया की खेती से किसानों को बंपर लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

चिया की खेती किसानों के लिए कम लागत और मेहनत में बंपर मुनाफा देने वाला एक बेहतरीन विकल्प है। इस फसल को रबी मौसम में कम पानी और खाद की आवश्यकता होती है और यह कीड़ों से भी सुरक्षित रहती है साथ ही इसकी फसल में मौसम की मार का प्रभाव भी काम होता है।जिले के किसानों में इसकी खेती के प्रति धीरे-धीरे दिलचस्पी बढ़ती जा रही है। विकासखंड बहोरीबंद के ग्राम सुनाई निवासी संजय मिश्रा करीब 2 हेक्टेयर में चिया और धान एवं गेहूं की प्राकृतिक व जैविक खेती कर पहले से लगभग दोगुना मुनाफा अर्जित कर रहे हैं।

कृषि विभाग की आत्मा योजनान्तर्गत मिली प्राकृतिक व जैविक खेती की सलाह पर अमल कर कृषक संजय मिश्रा करीब एक हेक्टेयर में रोपण पद्धति से धान की खेती,0.80 हेक्टेयर में गेहूं की क़तार बोनी और 0.20 हेक्टेयर में चिया की छिटकवा पद्धति से खेती कर परंपरागत खेती की तुलना में करीब-करीब दोगुनी आय प्राप्त कर रहे हैं। जहां पहले वह दो हेक्टेयर भूमि पर धान व गेहूं की परंपरागत खेती से मात्र 61 हजार रुपए की ही आय अर्जित कर पाते थे। वहीं प्राकृतिक व जैविक खेती की वजह से शुद्ध मुनाफा बढ़ कर अब एक लाख 18 हजार रुपए हो गया है। कृषक श्री मिश्रा बताते हैं कि उन्होंने करीब 0.20 हेक्टेयर में चिया की खेती कर 2 क्विंटल चिया का उत्पादन किया। जिसे बाजार में 15 हजार रुपए प्रति क्विंटल की दर से 30 हजार रुपए में बेचा और 5 हजार रुपए लागत काट कर उन्हें चिया की खेती से शुद्ध 25 हजार रुपए का लाभ हुआ।

मानव आहार मे इसके बीजों का उपयोग महत्वपूर्ण माना गया है। इनमें प्रोटीन,फाइबर, ओमेगा-3 वसा, कैल्शियम, मैग्नीशियम, फास्फोरस और विटामिन बी जैसे अन्य पोषक तत्व होते हैं। चिया बीज एक सुपरफूड के रूप में जाने जाते हैं, क्योंकि इसमे विभिन्न प्रकार के औषधीय गुण पाएं जाते हैं और विभिन्न तरीकों से खाये जा सकते हैं। चिया के बीज को अन्य खाद्य पदार्थों में टॉपिंग के रूप में जोड़ा जा सकता है या स्मूदी, नाश्ते के अनाज, एनर्जी बार, ग्रेनोला बार, दही, टॉर्टिला और ब्रेड में डाला जा सकता है। चिया बीज स्वस्थ त्वचा के लिए, बढती उम्र के प्रभाव को कम करना, हृदय और पाचन तंत्र को बेहतर करना, मजबूत हड्डियों और मांसपेशियों का निर्माण करने में सहायक होते हैं। यह मधुमेह को कम करने के लिए भी सहायक माने जाते हैं। इसका सेवन शरीर व दिल को बीमारियों से लड़ने के लिए शक्ति प्रदान करता है।

*कमियों को दूर करने एवं साफ सफाई को और बेहतर बनाने दिये निर्देश*

## एएसपी ने थाना बहोरीबंद व स्लीमनाबाद का औचक निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया द्वारा बुधवार को थाना बहोरीबंद एवं थाना स्लीमनाबाद का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी बहोरीबंद अखिलेश दहिया , थाना प्रभारी स्लीमनाबाद सुदेश समन, रीडर 2 उप निरीक्षक मंगलेश द्विवेदी, थाना स्टाफ उपस्थित रहा।

निरीक्षण के दौरान बहोरीबंद थाना परिसर स्थित पुरुष एवं महिला बंदीगृह का अवलोकन किया गया, जिसमें साफ-सफाई की स्थिति को और अधिक बेहतर बनाए जाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।इसके पश्चात गुण्डा रजिस्टर, निगरानी रजिस्टर एवं अन्य संबंधित अभिलेखों की जांच की गई, जिसमें चेकिंग अपेक्षाकृत कम पाई गई,



जिस पर तत्काल सुधार हेतु निर्देशित किया गया।

एएसपी द्वारा अ, ब एवं स वर्ग की ग्राम अपराध पुस्तिकाओं का निरीक्षण किया गया, जिसमें वर्ष 2026 की प्रविष्टियों में टीप अंकित पाई गई। थाना स्तर पर संधारित एफआईआर एवं शून्य एफआईआर रजिस्टर विधिवत एवं अद्यतन पाए गए। आगंतुक रजिस्टर का निरीक्षण करने पर वर्ष 2026 में कुल 130 प्रविष्टियां दर्ज होना पाया गया।साथ ही थाना भवन एवं पुलिस आवास का निरीक्षण कर शासकीय मद से आवंटित राशि के समुचित, पारदर्शी एवं प्रभावी उपयोग हेतु निर्देश प्रदान किए गए। थाने में स्थापित सीसीटीवी कैमरे चालू अवस्था में पाए गए। ई-समंस एवं वारंटों की तामीली की समीक्षा संतोषजनक पाई गई।

थाना स्लीमनाबाद में निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय, मालखाना, अभिलेख संधारण, सीसीटीएनएस कार्य एवं पुरुष एवं महिला बंदीगृह की व्यवस्थाओं का एएसपी ने गहन अवलोकन किया गया। एएसपी द्वारा साफ-सफाई बनाए रखने, लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण, कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ रखने, रात्रि गश्त को प्रभावी बनाने एवं फरियादियों से शालीन एवं संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।निरीक्षण के दौरान थाने में संधारित अभिलेखों को नियमित रूप से अद्यतन रखने, शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन करने तथा आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं निष्पक्ष निराकरण प्राथमिकता के आधार पर करने पर विशेष जोर दिया गया। निरीक्षण के दौरान एएसपी द्वारा धारा 173(8) जा.फौ. के लंबित प्रकरणों के निकाल की स्थिति तथा अनुसूचित जाति / जनजाति (SC/ST) अत्याचार निवारण अधिनियम से संबंधित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई।

### किसानों को दी जा रही उन्नत कृषि यंत्रों की जानकारी

## सब सॉइलर से सुधरेगा मिट्टी का स्वास्थ्य, बढ़ेगी पैदावार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कृषक कल्याण वर्ष 2026 "समृद्ध किसान–समृद्ध मध्यप्रदेश" अभियान के अंतर्गत कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर कृषि रथ गांव-गांव भ्रमण कर किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से अवगत करा रहा है।

इसी क्रम में कृषि अभियांत्रिकी विभाग के उपयंत्री संदीप पीपड़ा द्वारा विकासखंड ढीमरखेड़ा के ग्राम पोनिया,पडरभटा और कनौजा ग्राम के किसानों को विभागीय योजनाओं एवं उन्नत कृषि यंत्रों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने विशेष रूप से सब सॉइलर कृषि यंत्र की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि लगातार हार्वेस्टर व ट्रैक्टर के उपयोग तथा रासायनिक खादों के कारण खेत की मिट्टी



अत्यधिक कठोर होती जा रही है। इससे जमीन में पानी का अवशोषण कम हो रहा है, जलभराव की समस्या बढ़ रही है तथा भू-जल स्तर लगातार नीचे जा रहा है।

### 24 इंच तक तोड़ता है मिट्टी

उपयंत्री पीपड़ा ने बताया कि सामान्य कृषि यंत्र केवल मिट्टी की ऊपरी परत को भुरभुरा करते हैं, जबकि सब सॉइलर बिना ऊपर की मिट्टी पलटे खेत की निचली कठोर परत को 18 से 24 इंच गहराई तक तोड़ता है। इससे मिट्टी के निचले स्तर तक हवा और पानी का संचार होता है, जिससे मिट्टी का स्वास्थ्य बेहतर होता है, जल धारण क्षमता बढ़ती है तथा गहरी जड़ वाली फसलों के विकास में सहायता मिलती है।

### ये होते हैं लाभ

उन्होंने बताया कि सब सॉइलर के उपयोग से खेत का पानी नीचे परकुलेट होने लगता है, जिससे भूमि अधिक उपजाऊ बनती है और भू-जल स्तर में सुधार होता है। इसके सकारात्मक प्रभाव से कुएं, बावड़ी आदि में भी जलस्तर बढ़ने लगता है। यह यंत्र जल निकासी एवं नमी प्रबंधन में भी सहायक है—अधिक वर्षा की स्थिति में जलभराव से फसलों की रक्षा करता है, वहीं सूखे समय में जड़ों तक नमी बनाए रखने में मदद करता है। कार्यक्रम के दौरान किसानों को सब सॉइलर के लाभों की जानकारी देते हुए इसके प्रयोग को अपनाने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर कृषि विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### वृद्धाश्रम में होंगे निःशुल्क शिविर

**कटनी।** शासन के निर्देशानुसार वरिष्ठ नागरिकों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने हेतु होलिस्टिक वेल बीइंग कैम्पस कार्यक्रम के अंतर्गत आयुष विभाग तथा सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संयुक्त रूप से निःशुल्क आयुर्वेद एवं होम्योपैथी स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 12 फरवरी,13 फरवरी एवं 19 ,20, 26 एवं 27 फरवरी को दद्दा धाम वृद्धाश्रम एवं बच्चन नायक वृद्धाश्रम में आयोजित होंगे। शिविरों के माध्यम से वृद्धजनों को निःशुल्क ब्लड प्रेशर एवं शुगर जांच, आवश्यक औषधि वितरण, योगासन अभ्यास तथा मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का लाभ दिया जाएगा। इसके साथ ही जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम एवं स्वस्थ दिनचर्या अपनाने के लिए विशेषज्ञों द्वारा परामर्श भी प्रदान किया जाएगा।

## अग्निवीर भर्ती रैली के लिए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

पुलिस ग्राउंड झिंझरी 13 से 24 फरवरी 2026 के मध्य आयोजित होने वाली अग्निवीर थल सेना भर्ती रैली में लगभग 15 जिलों के आवेदक सम्मिलित होने की संभावना है। अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा उक्त रैली में अत्यधिक भीड़ की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए जिले के महत्वपूर्ण स्थल पर शहर में शांति एवं कानून व्यवस्था हेतु अपर कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाई जाकर कार्य दायित्व सौंपे गए है।

अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशानुसार हर्षवर्धन रामटेके एएसएलआर प्रभारी नायब तहसीलदार को पुलिस लाइन ग्राउण्ड झिंझरी के अंदर रैली स्थल पर प्रातः 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक डयूटी लगाई गई है। इसी प्रकार अतुलेश सिंह नायब तहसीलदार तहसील ग्रामीण कटनी की पुलिस लाईन ग्राउंड झिंझरी के अंदर रैली स्थल पर दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक डियूटी लगाई गई है। इसी प्रकार ऋषि गौतम नायब तहसीलदार तहसील बड़वारा की पुलिस लाईन ग्राउंड झिंझरी के बाहर गेट एवं आस पास प्रातः 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक डयूटी लगाई गई है। वहीं आशीष कुमार चतुर्वेदी नायब तहसीलदार तहसील विजयराघवगढ़ की डयूटी पुलिस लाइन ग्राउंड झिंझरी के बाहर गेट एवं आसपास के स्थल पर दोपहर 02 बजे से रात्रि 10 बजे तक डयूटी लगाई गई है। प्रशन्न कुमार वर्मा प्र.नायब तहसीलदार तहसीलदार बरही की डयूटी बस स्टैंड कुठला, मुख्य रेल्वे स्टेशन, मुड़वारा रेल्वे स्टेशन, साउथ रेल्वे एवं मिशन चौक कटनी में में प्रातः 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक लगाई गई है।

**जिला चिकित्सालय अनूपपुर में फर्जी डॉक्टर, चार साल तक कैसे चलता रहा इलाज का खेल**

# अधिकारियों की ढिलाई ने बढ़ाया फर्जी डॉक्टर का हौसला

**जिला चिकित्सालय अनूपपुर में सामने आए फर्जी डॉक्टर प्रकरण ने पूरे स्वास्थ्य विभाग को कटघरे में खड़ा कर दिया है। सवाल यह नहीं कि बलराम विश्वकर्मा डॉक्टर था या नहीं, बल्कि असली सवाल यह है कि उसे चार वर्षों तक इलाज करने की अनुमति किसने दी। इतने लंबे समय में सीएमएचओ और सिविल सर्जन बदलते रहे, फिर भी किसी ने यह जानने की कोशिश नहीं की कि इलाज करने वाला व्यक्ति असली डॉक्टर है या नकली।**

फालोअप

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

जिला चिकित्सालय में फर्जी डॉक्टर द्वारा इलाज किए जाने का मामला धीरे-धीरे और गंभीर होता जा रहा है। खुद बलराम विश्वकर्मा का कहना है कि वह करीब चार वर्षों से अस्पताल में सेवा दे रहा था। यदि यह दावा सही है तो यह सीधे-सीधे स्वास्थ्य विभाग की बड़ी लापरवाही को उजागर करता है। हैरानी की बात यह है कि इस दौरान कई अधिकारी बदले, लेकिन किसी ने भी यह जांच नहीं की कि कमरा नंबर 5 में बैठकर मरीजों का इलाज करने वाला व्यक्ति वास्तव में योग्य डॉक्टर है या नहीं। सूत्रों के अनुसार, यह भी सामने आया है कि पहले भी फर्जी डॉक्टर को पकड़ा गया था, लेकिन कार्रवाई के बजाय उसे चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। उसी का नतीजा है कि आज वह दोबारा मरीजों की जान से खिलवाड़ करता हुआ पकड़ा गया। अब यह मामला सिर्फ एक व्यक्ति तक सीमित नहीं रहा, बल्कि अस्पताल प्रबंधन और जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठने लगे हैं।

### चार साल तक कैसे चलता रहा फर्जी इलाज?



बलराम विश्वकर्मा का कहना है कि वह लगातार चार वर्षों से जिला चिकित्सालय में सेवा दे रहा था। इतने लंबे समय तक बिना वैध नियुक्ति के इलाज देना बेहद गंभीर मामला है। इस दौरान अस्पताल में कई बार निरीक्षण हुए, अधिकारी बदले, लेकिन किसी ने भी उसकी योग्यता की जांच नहीं की। इससे साफ है कि या तो अधिकारियों ने आंखें मूंद रखी थीं या फिर जानबूझकर अनदेखी की गई। यह स्थिति मरीजों की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन गई।

### पहले भी मिल चुकी थी जानकारी, नहीं

जानकारी के अनुसार, विगत वर्ष तत्कालीन सिविल सर्जन को यह पता चल चुका था कि बलराम विश्वकर्मा फर्जी तरीके से इलाज कर रहा है। उस समय उसे चेतावनी देकर अस्पताल से भगा दिया गया था, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। यदि उसी समय कानूनी कार्रवाई होती, तो


हरिभूमि
पत्रकार पहुंचे तो कुर्सी छोड़ भागा डॉक्टर
हड्डी रोग विशेषज्ञ की कुर्सी पर बैठा फर्जी डॉक्टर

आज यह स्थिति पैदा नहीं होती। अधिकारियों की इसी ढिलाई ने फर्जी डॉक्टर का हौसला बढ़ाया।

### गुडविल के नाम पर नियमों की अनदेखी

बताया जा रहा है कि हड्डी रोग विशेषज्ञ की गुडविल के नाम पर बलराम विश्वकर्मा को बैठने दिया गया। यदि सहयोगी की जरूरत थी तो किसी नियमित डॉक्टर को क्यों नहीं रखा गया? गुडविल के नाम पर नियमों को ताक पर रखना गलत परंपरा को जन्म देता है। इससे साफ है कि नियम-कानून को गंभीरता से नहीं लिया गया।

### जिम्मेदारी सिर्फ फर्जी डॉक्टर की नहीं

हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा अपना चेंबर और ओपीडी पर्ची सौंपना और सिविल सर्जन द्वारा नियमों को नजरअंदाज करना गंभीर प्रशासनिक चूक मानी जा रही है। बिना संरक्षण के इतने समय तक कोई फर्जी व्यक्ति अस्पताल में नहीं टिक सकता। जिले की जनता और सामाजिक संगठनों ने इस मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की है। लोगों का कहना है कि पूरे प्रकरण की प्रशासनिक जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। मामला सीधे आमजन के स्वास्थ्य से जुड़ा है। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो भविष्य में ऐसे मामले दोबारा सामने आ सकते हैं। अब जरूरत है कि दया नहीं, बल्कि कानून के अनुसार सख्त कदम उठाए जाएं।

## मध्यान भोजन कार्यक्रम का बेहतर संचालन सुनिश्चित हो- सीईओ जिला पंचायत


सर्व शिक्षा अभियान के कार्यों की समीक्षा बैठक में जिला पंचायत सीईओ ने दिए निर्देश

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत संचालित प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओ मे बेहतर व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए हैं। जिला पंचायत सीईओ जिला पंचायत सभागार में सर्व शिक्षा अभियान के कार्यों की समीक्षा के दौरान उक्ताशय के निर्देश दिए। बैठक में जिला परियोजना समन्वयक आशुतोष कुशवाहा, बीआरसीसी एवं जन शिक्षक उपस्थित थे। जिला पंचायत सीईओ ने मध्यान भोजन के लिए गुणवत्ता युक्त बर्तन सामग्री क्रय करने तथा आवंटित राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जन शिक्षकों से मध्यान भोजन कार्यक्रम का संचालन शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप करने के निर्देश देते हुए बर्तन की खरीदी व मध्यान भोजन की गुणवत्ता के संबंध में आवश्यक दिशा- निर्देश जन शिक्षकों को दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ ने मध्यान भोजन कार्यक्रम का संचालन करने वाले स्व सहायता समूहो को आजीविका मिशन से संबद्धता की कार्रवाई प्राथमिकता में करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आवश्यक कार्यों के लिए शालाओं को प्रदान की जाने वाली आकस्मिक निधि के 20 प्रतिशत राशि का उपयोग शौचालय की साफ सफाई में करने का सुझाव दिया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ ने निजी भवन में संचालित शालाओं की जानकारी लेते हुए नवीन भवन निर्माण के लिए की गई कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने 8 मार्च के पूर्व बालिका शौचालय के निर्माण कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक मे उन्होंने बुनियादी एवं अक्षर ज्ञान (एफएलएन) की समीक्षा करते हुए विद्यार्थियों के उपस्थिति की डाटा एंट्री पोर्टल में करने तथा कार्य की मॉनिटरिंग के निर्देश दिए।

# रेलवे मजदूर कांग्रेस की 39 वीं कार्यकारणी सभा सम्पन्न




**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर की 39 वीं वर्किंग कमिटी मीटिंग 11 व 12 फरवरी को जोनल कार्यालय बुधवारी बजार में मुख्य अतिथि जोनल महामंत्री पीतांबर लक्ष्मी नारायण व कार्यक्रम की अध्यक्षता जोनल अध्यक्ष डी के स्वाइन की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव ने बताया कि मजदूर कांग्रेस बिलासपुर की कार्यकारी अध्यक्ष व मीडिया प्रभारी लक्ष्मण राव ने बताया कि मजदूर कांग्रेस की हर तीन महीने में वर्किंग कमिटी मीटिंग आयोजित कर संगठन की गतिविधियों की समीक्षा कर अगली रणनीति व रेल कर्मचारियों के हितों के लिए प्रस्ताव पारित किया गया। कार्यकारणी सभा को संबोधित करते रेलवे मजदूर कांग्रेस के महामंत्री पीतांबर लक्ष्मी नारायण ने कहा कि रेलवे मजदूर मजदूर कांग्रेस को नया रुप दे दिया गया है, मजदूर कांग्रेस का हर पदाधिकारी रेल कर्मचारियों के लिए समर्पित है अब रेल मजदूर कांग्रेस, रेल कर्मचारी के द्वारा द्वारा जा कर समस्या सुनेगा, बिलासपुर, रायपुर, नागपुर रेल मंडल के रेल कर्मचारियों का हम सभी आभार व्यक्त करते है मजदूर कांग्रेस के नवीन मेंबर शीप में 16 हजार रेल कर्मचारी 2025 में मेंबर बने 2026 में मजदूर कांग्रेस बिलासपुर 25 हजार मेंबर बनाने का लक्ष्य है।

**खांडा के जंगल में तीसरे दिन ठहरा एक हाथी, दहशत में ग्रामीण**

# हाथी ने तोड़ा दीवार, मलवा में दबने से वृद्ध घायल

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर

बुधवार एवं गुरुवार की मध्य रात जिला मुख्यालय से 3 किलोमीटर दूर स्थित बरबसपुर में एक आदिवासी के घर अचानक पहुंचे एक हाथी ने घर की दीवाल तोड़ी जिस दौरान घर के अंदर जमीन में सो रहे 70 वर्षीय वृद्ध दीवाल के मलवे में दबने से घायल हो गये जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय में भर्ती किया गया है रात भर बरबसपुर इलाके में विचरण करते हुए खेतों में लगे फसलों एवं घरों में तोड़फोड़ करते सुबह होने पर यह हाथी आज तीसरे दिन खांड़ा गांव से लगे जंगल में पहुंचकर विश्राम कर रहा है। डेढ़ माह से अधिक समय से हाथियों ने विचरण करते हुए ग्रामीण जनों की संपत्तियों का रात के समय नुकसान करने से एवं अचानक ग्रामीण अंचलों में हाथी के पहुंचने से ग्रामीण भयभीत एवं दहशत की स्थिति में जीवन व्यतीत करने को बाध्य है। बुधवार को दूसरे दिन एक दांत वाला नर हाथी वन परिक्षेत्र, थाना एवं तहसील अनूपपुर के ग्राम पंचायत खांड़ा के खांड़ा गांव से लगे जंगल में दूसरे दिन बिताते शाम होने पर खांड़ा बांध से खांड़ा के मौहारटोला निवासी मझलू पिता गोरे साहू के घर की दीवार तोड़ते हुए पोडी के जंगल से देर रात राष्ट्रीय राजमार्ग को पार कर जिला मुख्यालय अनूपपुर से 3 किलोमीटर दूर पर स्थित ग्राम पंचायत एवं ग्राम बरबसपुर के वार्ड क्रमांक 5 कपिलधारा कॉलोनी के पीछे विशाल पिता स्व, जगना भैना के घर के पास अचानक पहुंचकर दीवार तोडा जिस पर घर के अंदर जमीन



पर सो रहे 70 वर्षीय वृद्ध विशाल भैना दीवार के गिरने से मलवा में दब गए जिसे परिजनों ने बाहर निकाला इस दौरान आधे घंटे से अधिक समय तक हाथी घर के पास रह कर घर के अंदर रखे धान की बोरी को बाहर निकाल कर धान को खाया, फैलाया ग्रामीणों के इकट्ठा होने एवं भगाए जाने पर यह हाथी रामसहाय कोल के घर के पास झाड़ियो में छिप कर अचानक नारायण सिंह पिता बाबू सिंह के खेत में पहुंचकर खेत में लगे गेहूं की फसल को देर रात तक खाता रहा ग्रामीणों के भगाए जाने पर फिर से रामसहाय कोल के घर पहुंच कर घर की दीवार में तोड़फोड़ कर रामप्रसाद पाठक के खेत में लगे गेहूं एवं टमाटर की फसल को खाते हुए गुरुवार की सुबह पोड़ी गांव के बांधा के पास से राष्ट्रीय राजमार्ग पारकर गुरुवार के तीसरे दिन पोंड़ी एवं खांड़ा गांव के बीच के स्थित सिद्धबाबा पहाड़ी जंगल में पहुंचकर विश्राम कर रहा हैं।

हाथी के द्वारा दीवाल गिराए जाने मलवे से दबकर घायल वृद्ध को वन परिक्षेत्र अधिकारी अनूपपुर स्वर्ण गौरव सिंह द्वारा वनरक्षक रईस खान एवं वन्यजीव संरक्षक अनूपपुर शशिधर अग्रवाल ने उपचार हेतु प्रारंभिक सहायता राशि दी। विगत डेढ़ माह से निरंतर अनूपपुर जिले के जैतहरी एवं अनूपपुर इलाके में हाथियों द्वारा दिन के समय जंगल में बिताने बाद रात होते ही जंगल से निकल कर अनेको ग्रामीण अंचलों के ग्रामीणो के घर, खेत बाडियों में पहुंचकर संपत्तियों के नुकसान करने से ग्रामीण जन भयभीत एवं दहशत की स्थिति में जीवन व्यतीत करने को बाध्य हो रहे है यह हाथी रात के समय अचानक छिपते हुए कितने भी समय अचानक घरों में पहुंचकर तोड़फोड़ कर अनाज की तलाश करता है। वही दो हाथी विगत कई दिनों से अपने तीसरे हाथी साथी से अलग होकर वन परिक्षेत्र थाना एवं तहसील जैतहरी के धनगवां बीट का जंगल जो ग्राम पंचायत कुकुरगोंड़ा एवं पड़रिया एवं क्योटार से लगा हुआ है में दिन एवं रात के समय जंगल के अंदर ठहरकर समय व्यतीत करते हैं।

**जिले की बंद माइन खदानों को नए स्वरूप में विकसित करने हेतु तैयार करें कार्ययोजना-कलेक्टर**

# कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय माइन क्लोजर प्लान समिति की बैठक हुई आयोजित

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में जिला स्तरीय माइन क्लोजर प्लान समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले की पांच बंद माइन खदानों में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने, स्थानीय जनभागीदारी बढ़ाने तथा प्रभावी एक्शन प्लान तैयार कर कार्य करने के संबंध में अधिकारियों से विस्तृत चर्चा कर विचार विमर्श किया गया तथा आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर श्री पंचोली ने बंद खदान जमुना-कोतमा एरिया, अंडरग्राउंड माइन सोमना (बिजुरी), अंडरग्राउंड माइन झीमर (डूमरकछार), गोविंदा साइड (जमुना-कोतमा क्षेत्र) सहित अन्य बंद खदानों की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बंद माइन खदानों को नए स्वरूप में विकसित करने हेतु ठोस एवं व्यवहारिक कार्ययोजना तैयार की जाए तथा स्थानीय लोगों को स्वरोजगार से जोड़ा जाए। कलेक्टर ने एसईसीएल अधिकारियों से बंद खदानों की एनओसी के संबंध में जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने बताया कि विभागीय कार्यवाही के पश्चात सभी संबंधित खदानों की एनओसी प्रदान की जाएगी तथा बंद खदानों के



विकास हेतु रूपरेखा तैयार कर स्थानीय लोगों को सुविधाओं के साथ विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा। कलेक्टर श्री पंचोली ने जमुना-कोतमा एरिया में इको-टूरिज्म विकसित करने तथा स्व-सहायता समूहों एवं स्थानीय लोगों के माध्यम से मत्स्य पालन एवं पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। साथ ही बंद खदान क्षेत्रों में जल, विद्युत एवं सड़क जैसी मूलभूत संरचनाएं विकसित कर किसानों को कृषि गतिविधियों से जोड़ने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर किसानों को कृषि करने हेतु प्रेरित करने की निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कृषि को लाभ का धंधा बनाने हेतु किसान लेमन ग्रास, फलदार पौधे तथा कृषि एवं उद्यानिकी विभाग से संबंधित योजनाओं का लाभ दिलाया जाए।

बैठक में खदान क्षेत्रों से जुड़े ग्राम पंचायतों के सरपंचों एवं अधिकारियों से पंचायत विकास हेतु समन्वित प्रयास करने का आव्हान किया गया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि संबंधित क्षेत्र के विकास के प्रस्ताव तैयार कर अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित किया जाए तथा ग्रामीणों को विकास कार्यों में सहभागी बनाया जाए। उन्होंने अंडरग्राउंड माइन सोमना, झीमर एवं गोविंदा साइट में सुरक्षा, तकनीकी सुधार एवं विकास कार्यों के संबंध में भी विस्तृत चर्चा की तथा नवीन कार्ययोजना तैयार कर प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री पंचोली ने बंद खदानों की अनुपयोगी एवं असमतल भूमि को समतल कर पौधरोपण करने के निर्देश एसईसीएल अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके साथ ही कृषि के लिए क्लस्टर विकास, वन विकास, स्व-सहायता समूहों को जोड़ने तथा पीएमएफएमई योजना अंतर्गत फूड प्रोसेसिंग के माध्यम से किसानों को समृद्ध बनाने पर भी विशेष जोर दिया। बैठक में वन मंडलाधिकारी अनूपपुर डेविड व्यंकटराव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ सिंह मरकाम, खनिज निरीक्षक श्रीमती ईशा वर्मा सहित एसईसीएल के वरिष्ठ अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रस्तुत होने वाले बजट में मिले विशेष पैकेज जनहित में मुख्यमंत्री को किया पत्राचार

**हरिभूमि न्यूज राजनगर।** म.प्र.विधानसभा में आगामी 16 फरवरी से शुरू होकर 18 फरवरी को पेश होने वाले बजट में अनूपपुर जिले के जिला योजना समिति के सदस्य और नगर परिषद डूमरकछार के अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार चौरसिया ने प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री एवं वित्तमंत्री को पत्राचार कर अनूपपुर जिले के कोयलाँचल क्षेत्र की ज्वलंत जनसमस्याओं को प्रस्तुत होने वाले बजट में समुचित प्रावधान सहित शामिल किए जाने का आग्रह किया है। जिले के कोयलांचल क्षेत्र एवं उससे जुड़े व्यापक कोयलांचल (कोयला खनन प्रभावित) क्षेत्र के नागरिकों की ओर से मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री का ध्यान उन गंभीर समस्याओं की ओर श्री चौरसिया ने आकृष्ट कराया है, जो वर्षों से लंबित होने के कारण अब जनजीवन, स्वास्थ्य, पर्यावरण तथा स्थानीय अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहे हैं। कोयलांचल क्षेत्र जमुना, कोतमा, बिजुरी, रामनगर, राजनगर कालरी, डूमर कछार, आमाडांड, डोला एवं आसपास के समस्त क्षेत्र देश के महत्वपूर्ण कोयला उत्पादक क्षेत्रों में आते हैं, इस क्षेत्र ने दशकों से प्रदेश एवं राष्ट्र की ऊर्जा की आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, किन्तु विडम्बना यह है कि ऊर्जा देने वाला यह क्षेत्र स्वयं बुनियादी सुविधाओं से आज भी वंचित है।

श्री चौरसिया ने प्रस्तुत होने वाले बजट में विशेष पैकेज प्रदाय करने की मांग सम्बंधित पत्राचार करते हुए क्षेत्र के लिए जनहितैषी निम्न कार्यो को बजट में शामिल करने का आग्रह किया है। कोयला उत्खनन के उपरांत कोयला खदानों के लगातार बंद होने से क्षेत्र में बेरोजगारी और पलायन की समस्या बढ़ रही है, बन्द कोयला खदानों के द्वारा अर्जित शेष भूभाग एवं शेष उपयोगी भूमि पर कल कारखाने, उद्योग धंधो की स्थापना की जाए, ताकि सेवानिवृत हो चुके श्रमिकों, उनके आश्रितों और क्षेत्र के नागरिकों रोजगार मिल सके और इन्हें क्षेत्र से पलायन ना करना पड़े साथ ही बेरोजगारी की समस्या से भी निजात मिल सके। कोयला खदानों के बंद होने से लगातार




पलायन जारी है, इस पलायन से हजारों की संख्या में विभिन्न क्षेत्रों में कोल इंडिया के आवासीय मकान खाली पड़े हुए हैं, इन मकानों को राज्य सरकार अपने अधिपत्य में लेकर सेवानिवृत हो चुके कोल इंडिया के कर्मचारियों, आंशिक सुधार कराकर मुख्यमंत्री आवास और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जरूरतमंद हितग्राहियों को प्रदाय किया जाए, ताकि जरूरतमंद नागरिकों का अपना घर होने का सपना साकार हो सके। वर्तमान में चल रहे कोयला खदानों से एवं बन्द कोयला खदानों में पुनर्वास योजना प्रभावी नहीं है, इसे और अधिक प्रभावी किया जाये। कोयलांचल क्षेत्र पुनर्विकास प्राधिकरण का गठन किया जाए।

बंद कोयला खदान क्षेत्रों में वृक्षारोपण, जलाशय एवं पर्यटन विकास को बढ़ावा दिया जाए ताकि रोजगार एवं पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। लघु उद्योग एवं क्लस्टर स्थापित किया जाए। उक्त कार्यों को बजट में शामिल किए जाने का श्री चौरसिया के द्वारा पत्राचार कर आग्रह किया है। साथ ही इस ओर भी ध्यान आकर्षित कराया है कि यह केवल क्षेत्रीय विकास का विषय नहीं बल्कि पर्यावरणीय न्याय तथा सामाजिक न्याय का भी प्रश्न है। अतः उपर्युक्त सभी विषयों पर म. प्र. के आगामी बजट में पृथक शीर्ष बनाकर विशेष पैकेज घोषित किये जाने की मांग के साथ ही उच्च स्तरीय सर्वे समिति गठित कर उपरोक्त क्षेत्र हितैषी और जन हितैषी कार्यों के लिए समयबद्ध कार्य योजना क्षेत्रहित/जनहित में बनाये जाने की मांग की है, सरकार की सकारात्मक पहल कोयलांचल क्षेत्र के लाखों नागरिकों के जीवन स्तर में ऐतिहासिक, सकारात्मक एवं बेहतर सुधार ला सकती है।

# महाशिवरात्रि पर तुर्राधाम में निकलेगी भगवान भोलेनाथ की भव्य बारात

**हरिभूमि न्यूज राजनगर।** नगर परिषद डोला के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल तुर्राधाम में महा शिवरात्रि के पावन अवसर पर इस वर्ष भी भगवान भोलेनाथ की भव्य शोभायात्रा (बारात) बड़े ही श्रद्धा, उत्साह और धूमधाम से निकाली जाएगी। विगत वर्षों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए तुर्राधाम जनकल्याण समिति द्वारा आयोजन की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। समिति के सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष भगवान भोलेनाथ की बारात को और अधिक भव्य व आकर्षक बनाने के लिए विशेष झांकियों की व्यवस्था की जा रही है। बारात में भूतदृपिशाच, नंदी शिव भक्त सहित अनेक धार्मिक एवं पौराणिक झांकियां शामिल रहेंगी, जिससे श्रद्धालुओं में विशेष उत्सुकता बनी रहेगी। 41 वर्षों से जारी परंपरा, अखंड मानस व विशाल मेले का आयोजन रामनगर स्थित तुर्राधाम में भगवान भोलेनाथ माता पार्वती, हनुमान जी महाराज एवं शनिदेव के साथ विराजमान हैं। प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण इस पावन स्थल पर विगत 41 वर्षों से लगातार 24 घंटे का अखंड



मानस पाठ एवं भव्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष आयोजन के मुख्य अतिथि दिलीप जायसवाल, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), मध्यप्रदेश शासन होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में मनोज विश्नोई (क्षेत्रीय महाप्रबंधक हसदेव क्षेत्र), धर्मेंद्र रघुवंशी (उप क्षेत्रीय प्रबंधक ओसीएम राजनगर) एवं एस.के. महतो (उप क्षेत्रीय प्रबंधक नार्थ झगराखाण्ड), श्रीमती रीनू सुरेश कोल अध्यक्ष नगर परिषद डोला, श्रीमती ललिता राम यादव अध्यक्ष नगर परिषद खोगापानी कि गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराएगे।

### शिव मंदिर प्रांगण न्यू डोला से निकलेगी भोलेनाथ की बारात

भगवान भोलेनाथ की बारात न्यू डोला स्थित आधाराम वैश्य के निवास के समीप स्थित शिव मंदिर प्रांगण से बैंड-बाजों के साथ प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए तुर्राधाम पहुंचेगी। नगरवासी सड़कों के दोनों ओर खड़े होकर पुष्पवर्षा व भक्ति संगीत के साथ बारात का स्वागत करेंगे। बारात में शामिल श्रद्धालु झूमते नाचते भगवान भोलेनाथ की जयघोष करते हुए तुर्राधाम पहुंचेंगे, जहां समिति द्वारा बारातियों के लिए भोजन की समुचित व्यवस्था की गई है। 15 फ़रवरी को अखंड मानस 16 फ़रवरी को महाभंडारा व कन्या भोज महाशिवरात्रि पर्व पर 15 फ़रवरी (रविवार) को सुबह 9 बजे से अखंड मानस पाठ प्रारंभ होगा। 16 फ़रवरी (सोमवार) को पूर्णाहुति के पश्चात विशाल महाभंडारे, महिला मंडली द्वारा शिव चर्चा एवं कम से कम 101 कन्याओं के कन्या भोज का आयोजन किया जाएगा। तुर्राधाम जनकल्याण समिति एवं नगर परिषद डोला की ओर से नगर एवं आसपास क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं एवं पुण्य लाभ अर्जित करें। तुर्रा धाम जनकल्याण समिति के समस्त पदाधिकारी व सदस्य के साथ नगर परिषद डोला के समस्त नगर वासी श्रद्धालु जन के सहयोग से इस कार्यक्रम को सफल किया जाता है।

!! राधे-राधे !! !! श्री गणेशाय नमः !! !! राधे-राधे !!
श्री गुजरात ग्रेनाईट एंड टाइल्स
ग्रेनाईट एवं टाईल्स के थोक एवं फुटकर विक्रेता
हमारे यहां सभी प्रकार के टाईल्स, ग्रेनाईट- सांड्य Z ब्लैक, सुपर ब्लैक, आर ब्लैक इत्यादि एवं सेनेट्री, कड़प्पा उचित दामों पर उपलब्ध है।
कोटा स्टोन कम दामों में उपलब्ध है
प्रो. देवेन्द्र सिंह जी 7742294629, 7440984719, 7737330239